Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide stoppage of Gandhidham Express (train No. 19336) Veraval Express (train no. 19320) at Dakor railway station in Gujarat.- Laid

श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा): मेरे लोक सभा क्षेत्र खेड़ा (गुजरात) से लंबे समय से डकोर रेलवे स्टेशन में स्थानीय और तीर्थयात्रियों की गाड़ियों का ठहराव की मांग है । डकोर भगवान श्री कृष्ण का स्थान है । द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण पहले द्वारका से इस स्थान पर आए थे । इस पवित्र स्थान के कारण हर दिन बहुत सारे तीर्थ यात्रियों का दौरा किया जाता है । मैं यह भी ध्यान दिलाता हूं कि अगर आप अहमदाबाद और वडोदरा रेलवे स्टेशन के साथ तुलना करते हैं तो डाकोर रेलवे स्टेशन में एक लम्बा प्लेट फार्म स्थापित है । इस स्टेशन में एक भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है । दो ट्रेनें भी हैं जो डकोर रेलवे स्टेशन से गुजरती हैं यानी गांधीधाम एक्सप्रेस (19336) सोमवार को चलती है और दूसरी ट्रेन वेरावल एक्सप्रेस (19320) बुधवार को चलती है लेकिन दोनों ट्रेनें डकोर रेलवे स्टेशन में नहीं रूकती हैं । इसलिए मैं मंत्री जी से आगह करता हूँ कि कृपया उक्त ट्रेनों का ठहराव डकोर रेलवे स्टेशन पर प्रदान करें, ताकि स्थानीय और तीर्थयात्री लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें ।